web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 18

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : 21 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड में भेजे गए दोनों आरोपी

**मुंबई** | आरएनएस



अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार दो आरोपियों को 21 अक्टूबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात यहां उनके कार्यालय के बाहर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश किया था और उनकी 14 दिन की रिमांड मांगी थी। पुलिस ने अदालत को बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपी विरोधाभासी जानकारी दे रहे हैं। इसे देखते हुए 14 दिन की रिमांड जरूरी हो जाती है, ताकि उनसे कई पहलुओं पर विस्तार पूर्वक पूछताछ हो सके। पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों ने पुणे में रहकर रेकी की थी। यह पता लगाना जरूरी हो जाता है कि आखिर इनके पास से हथियार कहां से आए। इन्हें किसी ने मुहैया कराया था या इन्होंने इसका बंदोबस्त खुद ही किया था। यह सभी जांच के बाद ही साफ हो पाएगा। पुलिस का कहना है कि हमें कई पहलुओं से इस मामले की जांच करनी होगी, तभी जाकर पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में से एक उत्तर प्रदेश और दूसरा हरियाणा का है, जबकि तीसरे आरोपी की पहचान हो चुकी है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, अब खबर है कि इस मामले में चौथे आरोपी मोहम्मद जीशान अख्तर का नाम भी सामने आया है। उनके कार्यालय के बाहर पहले से घात लगाकर बैठे आरोपियों ने बाबा सिद्दीकी को पांच राउंड गोली मारी थी, जिसमें तीन गोलियां उन्हें लगीं। सिद्दीकी की पेट और छाती पर गोली लगने की बात सामने आई थी। उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हत्याकांड के बाद महाराष्ट्र में सियासी उबाल चरम पर है। सभी विपक्षी नेताओं कानून-व्यवस्था को लेकर महायुति सरकार पर निशाना साधा है।

### सब प्री-प्लांड था... कुछ दिन पहले ही मिले पैसे और हथियार, बाबा सिद्दकी की हत्या पर पुलिस ने किए कई खुलासे

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मुंबई पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को पकड़ लिया है। संदेह जताया जा रहा है कि मामले में लॉरेंस बिश्नोई का हाथ है। इस बीच पुलिस ने इस हत्याकांड पर कई अहम खुलासे भी किए हैं।

पुलिस ने कहा कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या पूर्व नियोजित थी। पुलिस ने यह भी कहा है कि अपराध शाखा ने मामले की विभिन्न कोणों से जांच शुरू कर दी गई है, जिसमें संभावित कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता आदि शामिल है।

बाबा सिद्दीकी को तीन लोगों ने गोली मारी है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को पकड़ लिया है। वहीं, एक आरोपी की तलाश जारी है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने निर्मल नगर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत हत्या के सिलसिले में मामला दर्ज किया है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार गुट के नेता सिद्दीकी को बांद्रा के निर्मल नगर के पास गोली मार दी गई थी। बाद में शनिवार देर रात उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों की पहचान भी उजागर की है और उनकी योजना के बारे में कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्रियों के आवासों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**मुंबई (आरएनएस)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या से पूरे शहर में शोक की लहर है। इस बीच दक्षिण मुंबई के मालाबार हिल इलाके में स्थित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के सरकारी आवासों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने मालाबार हिल इलाके में कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाने के आदेश दिए हैं। शनिवार रात बाबा सिद्दीकी की हत्या तीन लोगों ने की थी। हत्या में शामिल एक आरोपी हरियाणा और दूसरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा फरार है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के नाम शिवा, धर्मराज और गुरमेल हैं। शिवा और धर्मराज उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हैं। इन दोनों का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, जबकि गुरमेल हरियाणा का रहने वाला है। धर्मराज और गुरमेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिवा फरार है। बताया जा रहा है कि उसे इस हत्या की सुपारी दी गई थी। राकांपा (एनसीपी) मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी केवल गृह मंत्री और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी है। एक हफ्ते पहले एनसीपी के बायकुला प्रमुख की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। कल (शनिवार को) बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई। यह मुंबई पुलिस के लिए चुनौती है। ये लडक़े 10 हजार से 20 हजार रुपये लेकर लोगों को मारने के पीछे पड़े हैं। यह कॉन्ट्रैक्ट किलिंग है। पुलिस को खुली छूट दी जानी चाहिए। इसकी जिम्मेदारी सिर्फ गृह मंत्री की नहीं बल्कि मुख्यमंत्री की भी है। भुजबल ने उपमुख्यमंत्री और राज्य के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा मुंबई पुलिस से बाबा सिद्दीकी और एनसीपी के बायकुला प्रमुख सचिन कुर्मी की हत्या की जांच के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अब उत्तराखंड में आर्मी का सामान ले जा रही ट्रेन पलटाने की साजिश, ट्रैक पर मिला सिलेंडर

**रूड़की (आरएनएस)।** इन दिनों देश में रेल पटरियों पर अवरोधक या फिर गैस सिलेंडर रखकर ट्रेनों को पलटाने की साजिश हो रही है। अब उत्तराखंड के रुडक़ी में रेल ट्रैक पर गैस सिलेंडर मिला। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी को पलटाने की साजिश के तहत रेल ट्रैक पर गैस सिलेंडर रखे गए थे। जिस ट्रैक पर गैस सिलेंडर मिला, उससे सेना के सामान को ले जा रही मालगाड़ी का मूवमेंट होना था। लोको पायलट की सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सिलेंडर को कब्जे में लिया। रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे के कर्मचारियों ने ट्रैक पर करीब पांच किमी तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है कि सिलेंडर ट्रैक पर कहां से आया। सिलेंडर को ढंडेरा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर के पास रखवा दिया गया है। सूचना पाकर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त शानमूंग वडिवाल एस भी मौके पर पहुंच गए थे। मामले की जांच की जा रही है।

### यूपी में एक और एनकाउंटर, मारा गया डेढ़ लाख का इनामी बदमाश; इंस्पेक्टर और सिपाही घायल

**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी में एक बार फिर पुलिस और बदमाश के बीच एनकाउंटर हुआ है। इमसें डेढ़ लाख के इनामी बदमाश राजेश को मार गिराया गया है। राजेश के खिलाफ 50 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। उस पर पुलिस ने कुल डेढ़ लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। एनकाउंटर के दौरान अहार थाना प्रभारी और एक सिपाही को भी गोली लगी है। बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र में यह एनकाउंटर हुआ है। मारा गया अपराधी राजेश बुलंदशहर के ही थाना अहार क्षेत्र के सिहालीनगर गांव का रहने वाला था। उसके खिलाफ दर्ज 50 से अधिक मुकदमों में ज्या दातर लूट, डकैती और गैंगस्टर के मामले थे। पुलिस का कहना है कि राजेश विभिन्न मामलों में वांक्षित था। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की। पुलिस ने राजेश से आत्म समर्पण करने को कहा लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में उसे गोली लगी और वह मारा गया।

### गुरुग्राम : बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े स्कूटी सवार पर चलाई गोली

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** हरियाणा के गुरुग्राम के हीरानगर इलाके में रविवार को गोलीबारी की एक घटना सामने आई है। एक बाइक से आए तीन बदमाशों ने स्कूटी सवार को गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोग पीड़ित को अस्पताल ले गए। पूरा वाकया पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना गुरुग्राम के शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हीरानगर की है। दिन-दहाड़े हुई इस घटना से इलाके में लोग सहमे हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज से साफ पता चल रहा है कि तीन आरोपियों ने मिलकर यह हमला किया था। एक पहले से ही पास की दुकान पर बैठा था, जबकि बाकी के दो आरोपी बाद में बाइक से वहां आए। आरोपियों ने स्कूटी सवार का इंतजार किया और जैसे ही वह आया तीनों बाइक पर सवार होकर आगे बढ़े। कुछ ही दूरी पर उन्होंने स्कूटी सवार को रोका और उस पर तीन-चार राउंड गोली दाग दी।

## बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हमले: भारत ने जताई गहरी चिंता, बांग्लादेश सरकार से सख्त कार्यवाई की मांग

**नई दिल्ली** | आरएनएस



बांग्लादेश में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान हिंदू मंदिरों और पूजा मंडपों पर हुए हमलों की घटनाओं पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इन हमलों की निंदा की है और बांग्लादेश सरकार से अपने अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ढाका के तांतीबाजार में एक पूजा मंडप पर हुए हमले और सतीखिरा के प्रसिद्ध जेशोरेश्वरी काली मंदिर में सोने के मुकुट की चोरी की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। यह घटनाक्रम मंदिरों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की एक सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है।

बांग्लादेश पुलिस ने इन घटनाओं के सिलसिले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है और मामले की जांच कर रही है। बांग्लादेश के पुलिस महानिरीक्षक मोइनुल इस्लाम ने आश्वासन दिया है कि जो कोई भी इन अशांति फैलाने वाली गतिविधियों में शामिल होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इन घटनाओं के बाद बांग्लादेश में रह रहे हिंदू समुदाय में असुरक्षा का माहौल है। मुस्लिम बहुल इस देश में हिंदू आबादी लगभग 8% है। भारत ने बांग्लादेश सरकार से अपील की है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और विशेष रूप से दुर्गा पूजा जैसे धार्मिक त्योहारों के दौरान अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे। भारत ने यह भी कहा है कि वह इस मामले पर नजऱ रखे हुए है और बांग्लादेश सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।

## अफ्रीकी देश अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की ऐतिहासिक यात्रा पर रवाना हुईं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली** | आरएनएस




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की अपनी आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुईं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की एक साथ तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है।

राष्ट्रपति मुर्मू अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने के निमंत्रण पर 13 अक्टूबर को अल्जीरिया पहुंचेंगी। वह इस अफ्रीकी देश में 15 अक्टूबर तक रहेंगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी।

इस यात्रा से भारत और अल्जीरिया के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देश तेल, गैस, रक्षा एवं अंतरिक्ष सहयोग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में और नजदीक आएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की इस यात्रा में दोनों राष्ट्रपतियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी।

काउंसिल ऑफ नेशन (अल्जीरियाई संसद के ऊपरी सदन) और नेशनल पीपुल्स असेंबली (निचले सदन) के अध्यक्षों सहित कई अल्जीरियाई गणमान्य व्यक्ति भी इस बैठक में शामिल होंगे।

इसके अलावा राष्ट्रपति मुर्मू भारत-अल्जीरिया के बीच आर्थिक मंच और सिदी अब्देल्ला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पोल विश्वविद्यालय को संबोधित करेंगी। वह जार्डिन डी'एस्साई के हम्मा गार्डन में इंडिया कॉर्नर का भी उद्घाटन करेंगी।

इसके बाद इस उत्तरी अफ्रीकी देश से भारतीय राष्ट्रपति 16 अक्टूबर को पड़ोसी देश मॉरिटानिया जाएंगी। मॉरिटानिया इस समय अफ्रीकी संघ का अध्यक्ष भी है।

मॉरिटानिया पहुंच कर राष्ट्रपति मुर्मू अपने समकक्ष मोहम्मद औलद शेख अल गजौनी से बातचीत करेंगी। मॉरिटानिया प्रधानमंत्री मोख्तार औलद दजय और विदेश मंत्री मोहम्मद सलीम औलद मरजूक के उनसे मिलने की उम्मीद है।

राष्ट्रपति भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा भारत-मॉरिटानिया द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देगी।

इसके बाद मलावी के राष्ट्रपति डॉ. लाजरस मैकार्थी चकवेरा के निमंत्रण पर राष्ट्रपति मुर्मू 17-19 अक्टूबर तक मॉरिटानिया से पूर्वी अफ्रीकी देश पहुंचेंगी।

राष्ट्रपति मुर्मू मलावी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद वह देश के व्यापारिक और उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगी। अपनी यात्रा के अगले चरण में वह देश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भी दौरा करेंगी।

## इटावा-आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, दो विदेशी महिला समेत तीन की मौत

**इटावा** | आरएनएस



यूपी के इटावा जिले में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन-125 पर भीषण सडक़ हादसा हुआ। इस हादसे में दो विदेशी महिला समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया।

इटावा मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी विक्रम सिंह राघव, ताखा उप जिलाधिकारी श्वेता मिश्रा और उसराहार थाना प्रभारी मंसूर अहमद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार को क्रेन की मदद से कुदरेल चौकी पर खड़ा कर दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि यह दर्दनाक हादसा माइलस्टोन-125 पर खरगुआ गांव के पास हुई। कार अपने आगे चल रहे किसी वाहन से टकरा गई। हादसे में कार चालक संजीव कुमार, तीन सगी बहनें क्रिस्टन उर्फ तबस्सुम (20), आतिफा (25), नाज (30), कैटरीना और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए।

अस्पताल में उपचार के दौरान नाज, कैटरीना और कार चालक संजीव कुमार की मौत हो गई। मृतकों में शामिल दो विदेशी लड़कियों में से एक रूस की और एक अफगानिस्तान की रहने वाली है।

मृतकों के परिजनों ने बताया कि सभी लोग लखनऊ घूमने गए थे और वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद दिल्ली से पीड़ित के परिजन सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचे।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, ओवर स्पीड के कारण उनकी गाड़ी आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। जिससे गाड़ी में बैठे 6 लोग घायल हो गए। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## कश्मीरी पंडितों की घर वापसी का समय आ गया हैज्फारूक अब्दुल्ला ने किया बड़ा ऐलान

**श्रीनगर** | आरएनएस



हाल ही में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए गए हैं, जिसके बाद राज्य में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनने की उम्मीद है। दशहरा के अवसर पर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने श्रीनगर के एसके स्टेडियम में आयोजित दशहरा उत्सव में भाग लिया और बड़ा ऐलान किया।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा, अब कश्मीर पंडितों की घर वापसी का समय आ गया है। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे भाई और बहन, जो उस समय यहां से चले गए थे, अब वापस आएं और अपने घरों को संभालें। यह समय उनकी घर वापसी का है।

उन्होंने आगे कहा, हम ना सिर्फ कश्मीरी पंडितों के बारे में सोचते हैं, बल्कि जम्मू के लोगों के बारे में भी चिंतित हैं। हमें उनके साथ अच्छे व्यवहार करना चाहिए और उन्हें यह महसूस कराना चाहिए कि नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार उनकी दुश्मन नहीं है। हम भारतीय हैं और यहां सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं।

दशहरा उत्सव में पहली बार शामिल होने पर उन्होंने कहा, मैं पहली बार आया हूं क्योंकि मुझे पहले कभी नहीं बुलाया गया। आज मुझे याद किया गया और मैं यहां आ गया। यह मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव था। मेरे वालिद के जमाने में, यह कार्यक्रम इकबाल ग्राउंड में होता था और उस समय हमारे हिंदू भाई भी बड़ी संख्या में शामिल होते थे। आज उनकी कमी महसूस होती है। अल्लाह करे कि अगले साल यह कमी दूर हो जाए।

## 'पीएम गति शक्ति' भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति और नए अवसरों का सृजन : पीएम मोदी

**नई दिल्ली** | आरएनएस



रविवार को 'पीएम गति शक्ति' पहल के तीन साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम गति शक्ति' के भारत की बुनियादी ढांचे और विकास पर पडऩे वाले प्रभाव का जिक्र किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माई गवर्नमेंट इंडिया' ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आज हम पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जिसे पीएम मोदी ने लॉन्च किया था। यह अभूतपूर्व पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और अधिक स्मार्ट और एकीकृत बना रही है, आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है और विकास के भविष्य को आकार दे रही है।

इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने लिखा, गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

इसके अलावा, उन्होंने इस दूसरे पोस्ट में लिखा, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेज और अधिक कुशल विकास हुआ है। इसने लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा दिया है, देरी कम हुई है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।

पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के शुभारंभ के 3 वर्ष पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करके और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह पथप्रदर्शक पहल तेज और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे विकसित भारत के निर्माण की दृष्टि को मजबूती मिलती है।

## विसर्जन से पहले माता की प्रतिमा को कंधे पर नचाया, 500 सालों से चली आ रही है प्रथा

**समस्तीपुर** | आरएनएस



बिहार के समस्तीपुर जिले के पतैली दुर्गा स्थान मंदिर में रविवार की सुबह माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने माता की प्रतिमा को अपने कंधों पर उठाकर और नचाते हुए लगभग एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला, जो जमुआरी नदी के तट तक गया।

हर साल की तरह, इस साल भी माता की विसर्जन प्रक्रिया को भव्य रूप से आयोजित किया गया। मंदिर से माता की प्रतिमा को जयकारों के बीच बाहर निकाला गया, और भक्तों ने उत्साह के साथ उन्हें अपने कंधे पर उठाया। जुलूस में शामिल लोग माता की जय-जयकार करते हुए आगे बढ़ते रहे। मंदिर के सामने खाली जगह में प्रतिमा को भव्य तरीके से नचाया गया, जिसे देखने के लिए आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुटे।

माता की प्रतिमा को रस्सी के सहारे नचाते हुए भक्त नदी तक पहुंचे। मान्यता है कि यहां माता के दरबार में आने वाले लोग कभी खाली हाथ नहीं लौटते। यही कारण है कि यहां हर साल कई जिलों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। लोगों का मानना है कि नवरात्रि के दौरान यदि किसी कारणवश माता के दर्शन नहीं हो पाए, तो इस नाच को देखकर उनके सभी क्लेश दूर हो जाते हैं और विपत्तियों से मुक्ति मिलती है। इस मान्यता के चलते ही दूर-दूर से लोग इस अवसर पर माता के नाच को देखने के लिए यहां पहुंचते हैं।

बताया जाता है कि गांव के स्व. बतास साह ने करीब 500 वर्ष पहले कामर कामाख्या से माता की प्रतिमा लेकर आए और इस स्थान पर स्थापित किया। उन्होंने एक साथ मां दुर्गा और मां काली का मिट्टी का मंदिर बनाया। आज उनके खानदान के लोग नियमित रूप से मंदिर की देखभाल करते हैं। स्थानीय निर्मल साह ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से 20 वर्ष पहले पक्का मंदिर का निर्माण हुआ।

नवरात्रि के मेले में लोग माता की प्रतिमा बनवाने के लिए सालों इंतज़ार करते हैं। इसके लिए उन्हें पहले मेला कमेटी में नाम लिखवाना होता है। कई सालों बाद उनकी बारी आती है। वर्तमान में, कमेटी के अनुसार, पहले से ही 15 वर्षों से अधिक समय तक की बुकिंग हो चुकी है, और हर साल नए लोग जुड़ते रहते हैं।